**अव्यवस्था** | बीआरसी और जनशिक्षक की उदासीनता से उजागर हुई निगरानी व्यवस्था की हकीकत

# स्वच्छता बना मजाक, शिक्षा विभाग बेपरवाह! शौचालय के सामने खरपतवार का साम्राज्य



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 4 अगस्त, प्रदेश सरकार विद्यालयों में स्वच्छता, सुरक्षित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन छिंदवाड़ा विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला मदन की स्थिति इन दावों की पोल खोल रही है।**

विद्यालय परिसर में शौचालय के सामने फैली खरपतवार, गंदगी और अव्यवस्था विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर खतरा बन चुकी है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते छात्र-छात्राएं रोज इसी बदहाल माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं।विद्यालय के शौचालय के सामने लंबे समय से उगी झाड़ियां और फैली गंदगी यह साबित करती है कि यहां नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। घनी खरपतवार के कारण जहरीले सांप-बिच्छू एवं अन्य जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शौचालय तक पहुंचने के लिए गंदगी और खरपतवार के बीच से गुजरना पड़ता है। ऐसे हालात स्वच्छ भारत मिशन और स्कूल स्वच्छता अभियान की वास्तविक स्थिति को उजागर कर रहे हैं।

### निरीक्षण व्यवस्था पर उठे सवाल

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि विकासखंड स्तर पर विद्यालयों का निरीक्षण करने वाले बीआरसी एवं जनशिक्षक आखिर निरीक्षण के दौरान क्या देख रहे हैं? यदि नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं तो विद्यालय की इतनी खराब स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। इससे स्पष्ट होता है कि निरीक्षण केवल कागजों तक सीमित है।

### स्वच्छता अभियान केवल कागजों तक

सरकार द्वारा विद्यालयों में स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका पालन नहीं हो रहा है। विद्यालय की यह तस्वीर स्वच्छता अभियान की हकीकत बयां कर रही है। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने मांग की है कि विद्यालय परिसर की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए।

# पंचायत भवन की पुताई पर खर्च, लेकिन सूचना दीवारें खाली!

## जिम्मेदारों के नाम-नंबर लिखने में लापरवाही



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 4 अगस्त, जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर में शासन के निर्देशों के बावजूद पंचायत व्यवस्था में लापरवाही का मामला सामने आया है। पंचायत भवन की पुताई तो कर दी गई, लेकिन पंचायत भवन के बाहर दीवारों पर अब तक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के नाम व संपर्क नंबर अंकित नहीं किए गए हैं।**

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन की बाहरी दीवारों पर सरपंच, सचिव सहित संबंधित अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर लिखे जाने चाहिए, ताकि आमजन को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए संपर्क करने में सुविधा मिल सके। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव की उदासीनता के चलते सूचना व्यवस्था अधूरी पड़ी है। वहीं पंचायत निरीक्षण और मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी संभालने वाले पीसीओ की निगरानी भी सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित नजर आ रही है। सरकार जहां पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए सूचना पटल एवं दीवार लेखन पर जोर दे रही है, वहीं मदनपुर पंचायत में जिम्मेदारों की लापरवाही से शासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# पेंशनर्स समाज परासिया ने हरिहर धाम मंदिर प्रांगण में 47 पौधों का रोपण किया




**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 4 अगस्त, मंगलवार को पथरई नाला के पास हरिहर धाम मंदिर में पेंशनरों ने 47 विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया। मंदिर के पंडित निखिलेश शर्मा (शास्त्री), पंडित अविरल शर्मा (शास्त्री) एवं सोनू राजलानी, राहुल कैथवास ने पौधारोपण में भरपूर सहयोग किया। पंडित जी ने पौधों के संरक्षण का आश्वासन दिया।**

पौधारोपण कार्यक्रम में पं.अविरल शर्मा ,अनूप राय,डी के मिश्रा,शंकर लाल पाटकर, द्वारका प्रसाद खंडेलवाल,जेठूलाल सोनी, चन्द्रशेखर शर्मा,रोशन लाल पवार,ए के बरखानिया, कुलदीप डेहरिया,महेश यादव, दिनेश तन्तुवाय, श्रीकांत तारण,सोनू राजलानी, राहुल कैथवास आदि उपस्थित रहे।

# सावन में शिव आराधना, चालिहो में झूलेलाल भक्ति का संगम

## झूलेलाल मंदिर जुन्नारदेव में 16 जुलाई से चल रहा चालिहो महोत्सव



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 4 अगस्त, नगर के प्राचीन बावली स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में इन दिनों धार्मिक आस्था अपने चरम पर है। 16 जुलाई से प्रारंभ हुए सिंधी समाज के पावन चालिहो महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन एवं नाम-स्मरण का आयोजन किया जा रहा है।**

वहीं सावन मास के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से रुद्राभिषेक भी संपन्न कराया जा रहा है। दोनों धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। सिंधी समाज में चालिहो महोत्सव का विशेष धार्मिक महत्व है। यह भगवान झूलेलाल के प्रति श्रद्धा, तप, संयम और भक्ति का 40 दिवसीय अनुष्ठान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान झूलेलाल ने अन्याय और अधर्म से अपने भक्तों की रक्षा कर मानवता, सद्भाव और धार्मिक स्वतंत्रता का संदेश दिया था। उसी स्मृति में श्रद्धालु 40 दिनों तक नियमित पूजा, सेवा, भजन और आरती कर भगवान झूलेलाल का स्मरण करते हैं। यह महोत्सव समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का भी माध्यम माना जाता है। मंदिर में प्रतिदिन सुबह एवं शाम भगवान झूलेलाल की आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण किया जा रहा है। सावन सोमवार पर भगवान शिव का रुद्राभिषेक पंचामृत, गंगाजल, दुग्ध, दही, शहद, बेलपत्र एवं विभिन्न पूजन सामग्रियों से संपन्न कराया जा रहा है। रुद्राभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में ष्हर-हर महादेवष् और ष्जय झूलेलालष् के जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठता है। चालिहो महोत्सव के दौरान प्रतिदिन समाज के अलग-अलग परिवार सेवा का दायित्व निभा रहे हैं। आरती, प्रसाद वितरण एवं धार्मिक अनुष्ठानों में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतरा ऑल्टो, चालक और यात्री बाल-बाल बचे



**नवभारत न्यूज**
**बटकाखापा, 4 अगस्त, बांका क्षेत्र में मंगलवार को एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन नरसिंहपुर से साड़िया घाट की ओर जा रहा था।**

बटकाखापा से कुछ दूरी पर अचानक चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया, जिससे कार सड़क की पटरी से नीचे उतर गई। हादसे में चालक सहित वाहन में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति को तुरंत संभाल लिया गया। घटना की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। हादसे के बाद कुछ समय तक मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही। समय रहते बड़ा हादसा टल गया।

# अंबाड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में चोरी, चोरों ने सैमसंग एलईडी टीवी और पानी की मोटर पर किया हाथ साफ

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 4 अगस्त, जुन्नारदेव थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाड़ा चौकी के ग्राम अंबाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर वहां लगी सैमसंग एलईडी टीवी, उसका रिमोट और पानी का टुल्लू पंप पर हाथ साफकर दिया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी प्रभा सरसाम उम्र 46 वर्ष, निवासी अंबाड़ा वार्ड नं. 06, जो कि आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 02 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर कार्यरत हैं, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनांक 01 अगस्त 2026 की शाम लगभग 4 बजे वह और सहायिका हमीदा खान केंद्र को ताला लगाकर घर चले गए थे।

सोमवार, 03 अगस्त 2026 की सुबह लगभग 9 बजे जब वे आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे, तो देखा कि चौनल गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर निरीक्षण करने पर पाया गया कि शासकीय सैमसंग कंपनी की एलईडी टीवी (नंबर 6।ड39ठल्400094), जिसकी कीमत लगभग 15,000 है, एलईडी का रिमोट, एवं

स्व्जम्ब् कंपनी का पानी का छोटा मोटर (टुल्लू पंप), जिसकी कीमत लगभग 5,000 है, गायब थे। कुल 20,000 के सामान की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है। मामले की सूचना तुरंत परियोजना अधिकारी मोनिका उइके को मोबाइल के माध्यम से दी गई, जिसके बाद अंबाड़ा चौकी (थाना जुन्नारदेव) में मामला दर्ज कराया गया है। अंबाड़ा चौकी के सहायक उपनिरीक्षक (सउनि.) लेखराम धुर्वे द्वारा एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 331(4) एवं 305(ं) के तहत अपराध क्रमांक 299/2026 कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खेत में घास काट रही वृद्धा को जहरीले सर्प ने काटा, इलाज के दौरान मौत

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 4 अगस्त, थाना जुन्नारदेव अंतर्गत ग्राम पंचायत बुर्रीकला में एक 65 वर्षीय वृद्धा की जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गई। घटना सोमवार, 3 अगस्त को दोपहर लगभग 1 बजे की है।**

घटना के संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार, ग्राम बुर्रीकला निवासी सुमरवती यादव पति स्व. सुक्कू यादव, उम्र 65 वर्ष प्रतिदिन की तरह अपने खेत में बकरियों के लिए घास लेने गई थीं। दोपहर करीब 1रू30 बजे जब वह घर वापस लौटीं, तो उन्होंने परिजनों को बताया कि खेत में घास काटते समय उनके दाहिने पैर के अंगूठे में किसी जहरीले सर्प ने काट लिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। एम्बुलेंस से उन्हें उपचार के लिए जुन्नारदेव अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद सुमरवती यादव को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मृतिका की बहु पूनम यादव की सूचना पर जुन्नारदेव पुलिस ने मर्ग क्रमांक 65-2026, धारा 194 ठछै के तहत मामला कायम कर घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। मामला कायम करने की कार्यवाही प्र.आर. प्रेमलता थाना जुन्नारदेव द्वारा की गई।

# पतंजलि परिवार द्वारा वृक्षारोपण एवं जड़ी-बूटी दिवस महाअभियान के तहत पौधारोपण



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 4 अगस्त, प्रकृति संरक्षण और औषधीय पौधों के संवर्धन के पावन उद्देश्य के साथ, आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर संपूर्ण भारतवर्ष में मनाए जाने वाले जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर रेलवे कॉलोनी स्थित काली मंदिर परिसर में भव्य वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस विशेष आयोजन में वृक्षारोपण, प्राण संवर्धन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए आंवला, गिलोय, जामुन, एलोवेरा और अन्य कई अमूल्य औषधीय पौधे रोपे गए तथा पर्यावरण प्रेमियों को पौधे वितरित भी किए गए। इस अवसर पर पतंजलि परिवार ने प्रेरणा दी कहा जाता हैकृ एक पेड़, सौ पुत्रों के समान होता है, और इसी भावना के साथ सभी ने प्रकृति के इस श्रृंगार को सहेजने का बीड़ा उठाया। इस सार्थक और प्रेरणादायक कार्यक्रम को सफल बनाने में पतंजलि परिवार के समर्पित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान मुख्य रूप से मोनू चावला तहसील प्रभारी, राजीव श्रीवास्तव युवा प्रभारी, इंदु खंडेलवाल, रश्मि बेलसरे, नंदिनी नागले, रीना चौकसे, रोहित राजपूत, कृष्णकांत श्रीवास्तव एवं समस्त पतंजलि परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर श्रमदान किया और यह संदेश दिया कि पेड़-पौधे हैं जीवन का आधार, इनसे ही है संसार में बहार।

# कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त हुए काशीराम वंशकार



**नवभारत न्यूज**
**बटकाखापा, 4 अगस्त, कांग्रेस पार्टी के जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ में काशीराम वंशकार को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी का माहौल है। काशीराम वंशकार ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।**

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार जनता के बीच रहकर कार्य करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उनकी नियुक्ति पर पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ ब्लॉक स्तर पर प्रभावी ढंग से कार्य करेगा और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास करेगा।

# हमारी मांग हमारा अधिकार: तामिया के पटवारियों ने भी थामी कलम, कैडर रिव्यू की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू




**नवभारत न्यूज**
**तामिया, 4 अगस्त, मध्य प्रदेश पटवारी संघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर तामिया तहसील के समस्त पटवारियों ने रविवार 3 अगस्त 2026 से अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। तहसील कार्यालय में पटवारियों ने अपनी कुर्सियों पर बस्ते रखकर विरोध दर्ज कराया।**

25 साल से उपेक्षा का आरोप पटवारियों का कहना है कि राज्य सरकार ने अन्य विभागों के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया, लेकिन पटवारी संवर्ग को 1998 के बाद से कोई कैडर रिव्यू या पदोन्नति का लाभ नहीं मिला है। भू-अभिलेख और राजस्व व्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पटवारियों की लगातार उपेक्षा की जा रही है।तामिया तहसील पटवारी संघ ने बताया कि जब तक निम्न मांगें पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी। कैडर रिव्यू कर ग्रेड पे 2800 किया जाए- वर्तमान में ग्रेड पे 2400 है गृह जिले में पदस्थापना कई पटवारियों को घर से दूर पदस्थ किया गया है परीक्षा बंधन समाप्त किया जाए और कार्य अवधि निर्धारित हो किसानों और आम जनता के काम प्रभावित हड़ताल के कारण तामिया क्षेत्र में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, खसरा, नकल, आय-जाति-प्रमाण पत्र, गिरदावरी और फसल सर्वे जैसे काम ठप हो गए हैं। खरीफ फसल के समय राजस्व संबंधी काम रुकने से किसान परेशान हैं। पटवारियों का बयान तामिया तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष ने बताया की पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार ने मौखिक आश्वासन दिया है, लेकिन लिखित में समय-सीमा तय नहीं की। जब तक लिखित आदेश नहीं मिलता, हम काम पर नहीं लौटेंगे। हमारी मांग हमारा अधिकार है। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में 19 हजार से अधिक पटवारी इस हड़ताल में शामिल हैं।

# सावन के पहले सोमवार शिवालियों में उमड़े श्रद्धालु

## पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने किया भगवान शिव का अभिषेक

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 4 अगस्त, श्रावण मास के प्रथम सोमवार को नगर की पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा।**

अल सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहली पायरी में प्रवाहित अविरल जलधारा में स्नान करने के लिए पहुंचे जहां पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर शिवलिंग का अभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। मंदिर में प्रातः 6 बजे भगवान शिव का अभिषेक पूजन अर्चन मंत्र उच्चारण के साथ पंडित विकास तिवारी (विक्की) महाराज द्वारा संपन्न कराया गया।

**Presiding Officer: शैलेन्द्र उइके**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000019/20251)
निरंजन...........आवेदक
Vs
महाप्रबंधक कन्हान क्षेत्र......अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांक:- 19/08/2026
प्रेषिती-
(1) विजय पिता कोमल प्रसाद पता- काली मंदिर के पास झरना घोडावाडी खुर्द तहसील जुन्नारदेव जिला छिदवाडा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक निरंजन पता ने मृतक कोमल प्रसाई नामदेव निवासी...पूजा लॉज के पीछे गुलाबरा छिन्दवाड़ा की राशि राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 19 August 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 19 August 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 24 july 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
**न्यायालय की मुद्रा**
**(शैलेन्द्र उइके)**
**व्यवहार न्यायाधीश परासिया जिला छिन्दवाड़ा**
**कृपया ध्यान दें:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी**
**रा. परासिया जिला छिंदवाड़ा**
**-: इश्तेहार / उद्घोषणा :-**
रा0अ0क्रमांक / 0036/ अपील / 2026 2027
मौजा कुंडालीखुर्द रा0नि0मं0 उमरेठ तहसील उमरेठ जिला-छिन्दवाड़ा म0प्र0 ।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्यामकरण पिता हिम्मत निवासी ग्राम भमाडा जिला छिंदवाड़ा के द्वारा मौजा ग्राम भमाडा में स्थित भूमि खसरा नंबर 251/3 रकबा कमश 1.214हे. भूमि के संबंध में न्यायालय तहसीलदार उमरेठ के राजस्व प्रकरण क्रमांक/0016/अ-70/24-25 आदेश दिनांक 05.06.2026 से दुखित एवं परिवेदित होकर अपीलार्थीगण के द्वारा म. भू-राजस्व संहिता की धारा 44(1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन में उत्तरवादीगण की उपस्थित हेतु नियत है। उत्तरवादीगण निम्नानुसार हैः- 1. पीलाजी पिता शंकरराव निवासी वार्ड नंबर 01 बडकुही तहसील परासिया जिला छिन्दवाडा । उपरोक्तअपील प्रकरण में अनावेदकगण व अन्य कोई व्यक्ति / संस्था जो कि उपरोक्त वर्णित भूमि में अपना वास्तविक हित रखते हों, वे नियत पेशी दिनांक / 11/08/26 को समय 11.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता/ अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय स्थान- तहसीलदार, तहसील उमरेठ में उपस्थित होकर लिखित दावा / आपति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई दिनांक के पश्चात किसी प्रकार के दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किय जायेगा।
आज दिनांक 30/07/2026 को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**अनुविभागीय अधिकारी**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**परासिया**

**मांग** | गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल, ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की

# सामुदायिक भवन निर्माण पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



**नवभारत न्यूज**
**अमरवाड़ा, 4 अगस्त, अमरवाड़ा जनपद क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में शासन की राशि से बन रहे सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्यों को लेकर भ्रष्टाचार और निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों एवं स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही हैं।**

सूत्रों के अनुसार,15 से 25 लाख रुपये की लागत वाले निर्माण कार्यों में कथित रूप से कमीशनखोरी के कारण गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। आरोप है कि कई जगहों पर रेत के बजाय क्रेशर की राख (डस्ट) का उपयोग किया जा रहा है,जिससे भवनों की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत नांदनवाड़ी के रंगपुर में 25 लाख रुपये की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन में कॉलमों से सरिया दिखाई देने,स्लैब कहीं पतली तो कहीं मोटी होने तथा कुछ हिस्सों में झुकाव जैसी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। वहीं हिर्री मुकासा में 15 लाख रुपये की लागत से बन रहे सामुदायिक भवन के निर्माण पर भी तकनीकी लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो शासन की लाखों रुपये की राशि व्यर्थ चली जाएगी और भविष्य में भवनों की सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा जनपद क्षेत्र में चल रहे सभी सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है।

# रजाडा में 5 लाख की लागत से चेकरस निर्माण का भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**
**मोहखेड़, 4 अगस्त, ग्राम पंचायत रजाडा में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता मदनलाल साहू की जिला पंचायत निधि से स्वीकृत 5 लाख रुपये की लागत से चेकरस निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। चेकरस निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा ग्राम के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनहित के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदनलाल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष लाल सिंह भट्टी, सरपंच भगवानदास घागरे, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुन्दर पवार, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री मोनू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।